धारावी से नया नगर तक मेट्रो मार्ग तैयार

■ वसं, मुंबई : मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MMRCL) ने धारावी से नया नगर के बीच मेट्रो का भूमिगत मार्ग तैयार कर लिया है। यह मार्ग तैयार होने के साथ ही मेट्रो 3 के पैकेज 4 की खुदाई का काम पूरा हो गया है। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच बन रही मेट्रो 3 के मार्ग में कुल 32 सुरंग तैयार होनी है।

मिली जानकारी के अनुसार 32 में से 23 सुरंग की खुदाई का गुरुवार को कॉर्पोरेशन ने पूरा कर लिया है। कुछ महीने पहले कृष्णा-1 टनल बोरिंग मशीन (TBM) को नया नगर के शॉफ्ट में उतारा गया था। गुरुवार को यह मशीन 589 मीटर टनल का काम पूरा करके धारावी के पास स्थित शाफ्ट से TBM बाहर आई। गौरतलब है कि 12 अक्टूबर कृष्णा-2 TBM ने डाउन दिशा की तरफ नया नगर से धारावी से बीच भूमिगत मार्ग की खुदाई का काम पूरा किया था। अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से 55 किलोमीटर में से करीब 40 किलोमीटर तक सुरंग का काम पूरा किया जा चुका है।